न्यूयॉर्क में वेकेशन मना रहे कटरीना- विक्की

दोस्तों के साथ एक रेस्टोरेंट के अंदर हुए स्पॉट

विक्की कौशल और कटरीना कैफ इन दिनों काम से ब्रेक लेकर न्यूयॉर्क में छुट्टियां मना रहे हैं। दोनों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें दोनों न्यूयॉर्क के एक रेस्टोरेंट के अंदर टाइम स्पेंट करते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान विक्की- कटरीना के साथ उनके कुछ दोस्त भी दिखाई दे रहे हैं।

कटरीना ने शेयर कीं वेकेशन की फोटोज

सोमवार को कटरीना ने अपने हॉलिडे की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की थीं। इन फोटोज में कटरीना ब्लू ऑफ-शोल्डर ड्रेस में कमरे के सामने पोज दे रही हैं। इस दौरान वह नो मेकअप लुक में काफी खूबसूरत लग रही हैं। कटरीना के इन फोटोज को सोशल मीडिया पर फैंस खूब पंसद कर रहे हैं।

जल्द ही इन फिल्मों में दिखेंगे विक्की- कटरीना

विक्की और कटरीना के वर्कफ्रंट की बात की जाए तो एक्ट्रेस जल्द ही बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के साथ 'टाइगर 3' में नजर आएंगी। ये फिल्म ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा वह 'मैरी क्रिसमस' में साउथ के स्टार विजय सेतुपति के काम करेंगी।

तो वहीं विक्की कौशल के पास इस वक्त 4 फिल्में हैं। आने वाले समय में वह 'द ग्रेट इंडियन फैमिली', 'मेरे महबूब मेरे सनम', 'सैम बहादुर' और 'डंकी' जैसी फिल्मों में नजर आएंगी।

टीवी पर राजपाल को पिटता देख घबरा गई थीं मां: शो देखने से कर दिया था इनकार, बोलीं- 'कितना पिटता है तू लोगों से'

राजपाल यादव ने 19 जून को इंडस्ट्री में अपने 25 साल पूरे कर लिए। इस मौके पर एक्टर ने मीडिया से अपने करियर और यादगार किरदारों के बारे में बात की। इंटरव्यू के दौरान एक्टर ने वो किस्सा याद किया, जब स्क्रीन पर उन्हें पिटता देख उनकी मां डर गई थीं। उन्होंने टीवी सीरियल देखने से इनकार कर दिया था, जिसमें उनके बेटे को मार पड़ी है। एक्टर ने बताया कि उनके पेरेंट्स हमेशा से फिल्म इंडस्ट्री से अनजान रहे हैं,इसलिए उन्हें कॉमेडी सीन्स में पिटता देख वो डर जाते थे।

इंटरव्यू में राजपाल ने बताया कि 1999 में दूरदर्शन टेलीविजन शो, 'मुंगेरी के भाई नौरंगीलाल' के एक सीन में उन्हें थप्पड़ पड़ा था। यह देखकर उनकी मां घबराकर चिल्लाने लगी थीं। इस प्रकाश झा के डायरेक्शन में बनी इस सीरीज में राजपाल ने लीड रोल निभाया था। इस घटना का जिक्र करते हुए राजपाल ने कहा- यह बात उस समय की है, जब मैंने फिल्मों में अपनी शुरूआत भी नहीं की थी। मैं मुंबई में दो साल रहा था और शो में काम कर था। वह डीडी 1 पर प्रसारित होता था।

राजपाल ने आगे कहा- 'उस समय टीवी पर एक वही एकमात्र चैनल हुआ करता था। मेरे गांव के लोग मुझे शो में देखने के लिए इकट्ठा हुए थे। शो का एक सीन था.. मैं दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे में शाहरुख खान और अमरीश पुरी के बीच आखिरी सीन का सपना देख रहा था, जहां शाहरुख की पिटाई हो जाती है। मैं सपने में शाहरुख का किरदार निभा रहा था, इसलिए मेरे बॉस मिस्टर सेठी ने सीन में मुझे कई बार थप्पड़ मारे। सीन में मुझे पिटता देखकर मेरी मां घबरा गई और चिल्लाते हुए वहां से चली गईं। बाद में मैंने उन्हें समझाया कि यह सिर्फ एक्टिंग थी और ये सभी ट्रेंड एक्टर हैं।'

एक्टर ने फिल्म हंगामा के बारे में बात करते हुए बताया कि वो अपनी मां को कभी मुंबई नहीं ला सके, क्योंकि वो ट्रैवल नहीं कर सकती थीं। इसलिए उन्होंने मां को घर पर ही फिल्म दिखाने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा- मेरे परिवार वालों ने घर हंगामा देखी था। मेरी मां ने भी इस फिल्म को देखा। मैंने उनसे कॉल पर पूछा कि क्या आपने फिल्म देखा। उन्होंने मुझे सिर्फ यही कहा- 'कितना पीटते हैं लोग तुझे' बॉलीवुड हंगामा का दिए इंटरव्यू में एक्टर ने बताया था कि उन्हें फिल्मों में मार खाता देख, मां ने उनकी फिल्में देखना बंद कर दिया था।

बता दें कि 'मुंगेरी के भाई नौरंगीलाल' दूरदर्शन के फेमस टीवी सीरियल मुंगेरीलाल के हसीन सपने का सीक्वल था। इसके पहले पार्ट में रघुबीर यादव ने लीड किरदार निभाया था। दोनों ही शोज का डायरेक्शन प्रकाश झा ने किया था।

गदर 2 की रिलीज से पहले दरगाह पहुंचीं अमीषा पटेल: सिर पर दुपट्टा लिए ब्लैक सूट में आईं नजर, फैंस बोले 'बॉयकॉट गदर'

बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल और सनी देओल की फिल्म 'गदर 2' जल्द ही रिलीज होने वाली है। रिलीज से पहले अमीषा मुंबई के माहिम दरगाह पहुंचीं, जहां एक्ट्रेस ने चादर चढ़ा कर सजदा किया। इसी दौरान का एक वीडियो सामने आया है।

वीडियो में अमीषा ब्लैक अनारकली सलवार सूट में नजर आ रही हैं। सर पर दुपट्टा लिए अमीषा काफी खूबसूरत लग रही हैं। लेकिन सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आते ही कई यूजर्स उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। अमीषा के इस वीडियो पर जहां कुछ लोगों ने उनका समर्थन किया। वहीं कई लोग उनके दरगाह जाने पर आपत्ति जाता रहे हैं। कई लोगो ने तो फिल्म को बॉयकॉट करने की भी मांग की है। वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'भारत में मंदिरों की कमी हो गई है क्या'?। दूसरे ने लिखा, 'हिंदू होकर ये सब करती हैं बहुत गलत है'। तो वही तीसरे ने लिखा, 'जब फिल्म आने वाली होती है तो इन्हें मंदिर और दरगाह याद आ जाते हैं'।

बॉलीवुड एक्टर सनी देओल और अमीषा पटेल की फिल्म 'गदर 2' 11 अगस्त 2023 को रिलीज होने वाली है। ये 22 साल पहले रिलीज हुई फिल्म 'गदरः एक प्रेम कथा' का सीक्वल है।

सुशांत के निधन पर हुई ट्रोलिंग पर रिया चक्रवर्ती बोलीं: लोगों ने मेरे बारे में क्या-क्या कहा, मैं उनकी नहीं सुनूंगी..हार नहीं मानूंगी

एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने हाल ही में बताया कि उनके बॉयफ्रेंड दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के असामयिक निधन के बाद उनका जीवन कैसा था। रिया ने याद किया कैसे एक्टर के निधन के बाद बहुत से लोगों ने उनके बारे में बहुत सी बातें कहीं। रिया ने जिक्र किया कि सुशांत की मौत के बाद उन्हें मीडिया ने सवालों से घेर लिया। लोगों के मन में उन्हें लेकर नफरत फैल गई। रिया ने खुद यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा- कभी हार मत मानो।

बहुत से लोग बहुत सी बातें कहते हैं- रिया

रियलिटी शो एमटीवी रोडीज सीजन 19 के नए एपिसोड के प्रोमो में रिया एक कंटेस्टेंट से बात करती नजर आती हैं। इस दौरान एक्ट्रेस अपनी लाइफ के स्ट्रगल के बारे में खुलकर बात करती हैं और शो में आए कंटेस्टेंट का हौसला बढ़ाती हैं। चर्चित वीडियो में रिया ने कहा- बहुत से लोग बहुत सी बातें कहते हैं। लोगों ने मुझे भी बहुत सी बातें बताईं। उन्होंने मुझे किस तरह के नाम दिए। मेरे बारे में क्या-क्या कहा, लेकिन क्या मैं उनकी वजह से चीज मानूंगी? क्या मैं एक्सेप्ट कर लूंगी, जो मेरे बारे में उन्होंने कहा? क्या मैं उनके कारण से अपनी जिंदगी में रुकूंगी? बिल्कुल भी नहीं!

रिया ने महिला कंटेस्टेंट को मन की बात सुनने और नेगेटिव बातें कहने वालों पर ध्यान न देने की सलाह दी। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने हमेशा अपनी लाइफ में इस बात को फॉलो किया है। उन्होंने कहा- 'क्या मैं उनकी आवाज को महत्व दूंगी? नहीं! मेरी अपनी आवाज है और आपकी भी। आप उसे सुने और जिंदगी में वैसा ही करें, जो आपका मन कहता है। आखिर ये लोग कौन हैं जो आपके बारे में कहते हैं।'

रिया ने 2012 में की थी करियर की शुरूआत

रिया चक्रवर्ती ने 2012 में अपने करियर की शुरूआत की थी। उनका फिल्मी करियर कुछ खास नहीं रहा। हालांकि, 2020 में सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद एक्ट्रेस काफी सुर्खियों में आईं। दरअसल, सुशांत की मौत के बाद एक्टर की फैमिली ने रिया पर सुशांत को मेंटल टॉर्चर करने और उसने पैसे ऐंठने का आरोप लगाया था। परिवार ने दावा किया था कि एक्ट्रेस सुशांत को ड्रग्स देती थीं। इसके बाद रिया ड्रग्स केस के चलते काफी दिनों तक जेल में भी नहीं थीं।

डेब्यू से पहले एक्टर का एक्सीडेंट, पैर काटना पड़ा: सूरज कन्नड़ फिल्म रथम की शूटिंग कर रहे थे, इसमें प्रिया वारियर भी

कन्नड़ एक्टर सूरज कुमार का अपनी डेब्यू फिल्म से पहले ही मेजर एक्सीडेंट हो गया। शनिवार को वे अपनी बाइक से ऊटी से मैसुरु जा रहे थे। रोड एक्सीडेंट के बाद सूरज को हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों को घुटने के नीचे से उनका दाहिना पैर काटना पड़ा।

24 साल के सूरज फिल्म प्रोड्यूसर एस.ए. श्रीनिवास के बेटे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो वे इन दिनों 'रथम' टाइटल्ड फिल्म में मलयाली एक्ट्रेस प्रिया प्रकाश वारियर के साथ काम कर रहे थे। इस साल मार्च में ही इस फिल्म की अनाउंसमेंट हुई थी।

ट्रैक्टर को ओवरटेक करने की कोशिश में डंपर से भिड़े

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यह एक्सीडेंट तब हुआ जब सूरज टू-व्हीलर से ऊटी से मैसुरु जा रहे थे। इस दौरान एक ट्रैक्टर को ओवरटेक करने की कोशिश में वे डंपर से टकरा गए। इसके बाद उन्हें मैसुरु के मणिपाल हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था।

सूरज अपने फैंस के बीच ध्रुवन नाम से मशहूर हैं। वे इससे पहले 'ऐरावत' और 'थारक' जैसी फिल्मों में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम कर चुके हैं। पिछले तीन साल में उनकी डेब्यू फिल्म को लेकर कई तरह की अनाउंसमेंट हुई। कई बार तो फिल्म की शूटिंग तक शुरू हो गई, पर किसी ना किसी वजह से उनका डेब्यू टलता रहा।

बात करते हुए एक पुलिस ऑफिसर ने कहा, 'सूरज अपनी बाइक से ऊटी से मैसुरु जा रहे थे। एक्सीडेंट के बाद उनका दाहिना पैर डंपर के नीचे आ गया और पूरी तरह से कुचल गया। फिलहाल मैसुरु के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में उनका ट्रीटमेंट चल रहा है।'

लॉफिंग ज़ोन

संता: बंता, बताओ एक को एक से कैसे जोड़ें कि दो से अधिक हो जाए?

बंता: अरे यार इतना भी नहीं जानते। उनकी शादी कर देनी चाहिए।

☺ ☺ ☺

रामू: क्या स्वर्ग में हर चीज मिल जाती है?

बंटी: हां, लगभग हर चीज।

रामू: अच्छा, सिगरेट भी मिल जाती है ?

बंटी: हां, लेकिन माचिस या लाइटर के लिए तुम्हें नरक में जाना पड़ेगा।

☺ ☺ ☺

पत्नी पति से : पता है अपने पड़ोस में एक डॉक्टर साहब रहने आए हैं। हमें उनसे मेलजोल बढ़ाना चाहिए। पता नहीं कब काम आ जाएं।

पति : तुम्हें पता नहीं कि वह सिर्फ पोस्टमॉर्टम करते हैं।

☺ ☺ ☺

गब्बर सांभा से : अरे ओ सांभा, अड्डे के इधर-उधर के मच्छर मरवा दो।

सांभा : ठीक है सरदार।

दूसरे दिन मच्छर भिनभिनाने लगे, तो गब्बर ने सांभा से कहा, अरे ओ सांभा मच्छर को नहीं मारा क्या ?

सांभा : सरदार, मच्छरों को मार दिया यह तो उनकी विधवाओं रो रही हैं।

☺ ☺ ☺

स...स...सन्नाटेदार

सूडोकु नवताल- 5248

मध्यम

3	9				1			
5	4			6	8		1	3
		1		7		9	5	
	8	9		5	3		4	7
6	1		4	9		2	3	
	3	4		1		8		
7	5		8	3			2	4
			6				7	9

MANGAL SENCHA, BANGALORE

सूडोकु नवताल - 5247 का हल

9	6	2	3	4	1	7	5	8
1	4	8	9	7	5	6	2	3
5	7	3	2	6	8	1	4	9
3	2	1	6	9	4	8	7	5
4	8	7	5	1	2	9	3	6
6	9	5	8	3	7	4	1	2
8	3	4	7	2	6	5	9	1
2	1	6	4	5	9	3	8	7
7	5	9	1	8	3	2	6	4

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

काकुरो पहेली - 5248



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 5247 का हल

MANGAL SENCHA, P.B.NO.3909, BANGALORE-39

शब्दजाल - 5248

भा	क	ल	पा	कि	स्ता	न	धी	द	ल	ज
र	र	ल	दे	श्री	लं	का	इं	क्षि	ट	वा
त	स	त	ल	र्म	छ	रा	रा	ण	ख	द
आ	स्ट्रे	लि	या	पु	र	न्यू	प	अ	ली	ब
म	गा	दो	ग	ल्ता	लं	जी	तू	फ्री	झ	निं
वां	ग	ला	दे	श	न	लैं	ना	का	घ	हा
ल	अ	स	त	या	प	ड	श	ज	ला	लैं
पे	ता	दा	ई	ह	ब	सा	फ	रा	श	ड
स	बा	चे	न	ब्रा	जी	ई	री	ल	प	रु
त्ता	पा	ला	ल	के	न्या	दु	र	शा	स्त्री	ता
ह	रा	जी	व	गां	धी	रा	इं	ग्लैं	ड	त

शब्दजाल में क्रिकेट खेलने वाले 10 देशों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे व तिरछे भी हो सकते हैं.

श्रीलंका, बांग्लादेश, भारत, इंग्लैंड, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, केन्या, हालैंड

शब्दजाल - 5247 का हल

फिल्म वर्ग पहेली- 5248



ऊपर से नीचे:-

1. 'रंग भरे मौसम से' गीत वाली फिल्म-3
2. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा, शर्मिला की फिल्म-3
4. 'मैं तेरी मुहब्बत में' गीत वाली फिल्म-3
5. विजॉय आनंद, कृतिका पाने, सोनू वालिया की फिल्म-2
6. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली फिल्म-3
9. राजश्वर, अनिता की फिल्म-4
11. 'किसी के दिल में' गीत वाली फिल्म-3
12. नवीन निश्चल, सायरा की 'इधर गया था' गीत वाली फिल्म-4
16. 'तेरे बिना तेरे' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-2
17. संजय, उर्मिला की 'ओ भंवरे देखो हम' गीत वाली फिल्म-2
18. 'खाई है रे हमने कसम संग रहने की' गीत वाली फिल्म-3
21. जैकी, नीलम की 'चुराया तूने दिल' गीत वाली फिल्म-4
22. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन, उदिता की फिल्म-2
23. इरफान खान, की 'मैंने दिल से कहा' गीत वाली फिल्म-2
24. 'हम तीनों की वो यारी' गीत वाली फिल्म-3
25. राजेंद्रकुमार, राखी की फिल्म-2,2
26. 'पहली बार जो' गीत वाली फरदीन, उर्मिला की फिल्म-3
29. 'सुन जरा सोनिये' गीत वाली फिल्म-2
30. रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-2

बायें से दायें:-

1. जैकी श्रॉफ, सलमान, रंभा, अश्विनी भावे की फिल्म-3
3. 'छम छम बरसा' गीत वाली फिल्म-3
6. 'जलता है जिया मेरा भीगी भीगी' गीत वाली फिल्म-2
7. राकेश रोशन, सिम्मी की फिल्म-2
8. अमिताभ, शर्मिला, हेमा, परवीन की फिल्म-4
10. 'मरना तेरी गली में जीना तेरी' गीत वाली फिल्म-3
12. फरदीन, करीना की 'रंग दीन्ही रंग' गीत वाली फिल्म-2
13. 'कहना है तुम' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-2
14. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-2
15. 'चाँदनी रात है' गीत वाली सलमान, नगमा की फिल्म-2
17. 'जिंदगी ये जिंदगी दो घड़ी की जिंदगी' गीत वाली फिल्म-3
19. नागार्जुन, उर्मिला की फिल्म-2
20. जैकी श्रॉफ, जूही, एकता की एक सस्पेंस फिल्म-3
23. मिलिंद, विक्रम सलूज की फिल्म-3
25. विनोद मेहरा, अनिल कपूर, स्मिता, रति की फिल्म-2,1,2
26. 'याइला रे लड़की मस्त' गीत वाली फिल्म-2
27. धर्मेन्द्र, शर्मिला की 'बहारों की बारात आ' गीत वाली फिल्म-3
28. 'तुझे देखके दिल' गीत वाली फिल्म-3
31. सनी, जॉनि, सुनील शेट्टी की फिल्म-3
32. 'जिस का मुझे था' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-2
33. अक्षय, सैफ, रवीना टंडन, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-3

फिल्म वर्ग पहेली- 5247 का हल

मंगल सेनचा, बेंगलोर

अष्टयोग - 5248

3		1	4	7		
6	35	5	30		25	
		2			1	
1	33		31	4	29	2
	6		1	5		
4	33	3	31	6	37	6
		7			6	3

प्रस्तुत खेल सुडोकु व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5247 का हल

5	7	2	4	3	6	1
3	31	1	23	6	32	2
6	3	4	1	2	7	5
1	30	6	33	4	36	4
2	1	7	4	5	6	3
7	35	3	35	7	37	6
4	6	5	3	1	2	7

शब्द पहेली - 5248



बाएँ से दाएँ

1. अरुचि, अभाव-4
3. गला, ग्रीवा-4
6. ब्रह्मा, तुच्छ व्यक्ति-3
7. प्रश्नोत्तर, वाद-विवाद-3,3
8. लोहे का एक पुराना हथियार, भीम व हनुमानजी का प्रिय हथियार-2
9. थोड़ा, अल्प-2
10. बिछा, शय्या-3
11. वार, लड़ाई, आक्रमण-3
12. 'बहन' में एक शब्द-2
15. बल, शक्ति-2
16. प्रारंभिक कार्य, प्रथम प्रयास-3,3
17. आसान, सहज-3
18. तुरंत का पैदा हुआ, नया-4
19. तिरस्कार-4

ऊपर से नीचे

1. मौका, सुयोग-4
2. कमल की पंखुड़ी सी आँखों वाला-3,3
3. जुल्म, आपत, अत्याचार-3
4. क्रिकेट की संख्या-2
5. गुजरात की एक नदी-3
6. जनता, लोग-3
8. बाल्टी जैसा मिट्टी का बरतन जिसमें फूलों के पौधे लगाये जाते हैं-3
9. तैयार होना, उद्यत होना-3,3
10. नगर-3
13. गढ़, किला, राजा का घर-3
14. जमीनवाला-4
15. जवानी, यौवन-3
16. तह, स्तर, पूट-3
17. जुर्माना, कैद-2

शब्द पहेली -5247 का हल

मंगल सेनचा, बेंगलोर